Shri Ahmad Hossain Mondal for remaining absent from all meetings of the House during the 96th Session of the Rajya Sabha?

(No hon. Member dissented.)

MR. CHAIRMAN: Permission to remain absent is granted.

I have also to inform Members that a letter dated the 8th May, 1976 has been received from Shri Bhairon Singh Shekhawat to the effect that leave of absence from attending the 96th Session of the House be granted to him on account of his detention.

Is it the pleasure of the House that permission be granted to Shri Bhairon Singh Shekhawat for remaining absent from all meetings of the House during the 96th Session of the Rajya Sabha?

(No hon. Member dissented.)

MR. CHAIRMAN: Permission to remain absent is granted.

RESOLUTION RE. DELETION OF "RIGHT TO PROPERTY" FROM, AND INCLUSION OF "RIGHT TO EMPLOYMENT" IN THE CONSTITUTION TO REGULATE ECONOMIC POLICIES IN ORDER TO REMOVE SOCIAL AND ECONOMIC INEQUALITIES AND CREATE MAXIMUM EMPLOYMENT OPPORTUNITIES IN THE COUNTRY

श्री नत्थी सिंह (राजस्थान) : सभापति जी, मैं आपकी अनुमति से निम्न प्रस्ताव उपस्थित करता हूं :

> "इस सभा की सम्मति है कि आर्थिक नीतियों को इस प्रकार विनियमित किया जाना चाहिए कि सामाजिक और आर्थिक विषमताएं समाप्त हों और देश में रोजगार के अधिकतम अवसर दिये जा सकें और इन उद्देश्यों की प्राप्ति के लिये यह सभा सरकार से अनुरोध करती है वह भारत के संविधान से "सम्पत्ति के अधिकार" को निकालने और उसमें रोजगार के अधिकार को सम्मिलित करने के लिए उसमें प्रदत्त मूल अधिकारों में संशोधन करने के लिए तत्काल कदम उठाये।"

[Mr. Deputy Chairman in the Chair.]

उपसभापति जी, जब कांग्रेस आजादी की लड़ाई लड़ रही थी तभी उसने यह निश्चित कर लिया था कि हम इस देश का नियोजित विकास करेंगे, और इसके लिए एक कमेटी भी बनाई गई जिसने स्वतंत्रता-प्राप्ति के बाद अपने लक्ष्य निर्धारित किए। आजादी आने के बाद भी, जब स्वराज्य आया, तो बापू ने जो राष्ट्रपिता थे, उन्होंने एक बात कही जो हमारी समस्त आर्थिक नीतियों का आधार है और होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वराज में हम "हरएक आंख के हर आंसू को पोंछ देंगे।" पण्डित जवाहरलाल जी ने आजादी के बाद योजनाओं के द्वारा, देश की पंचवर्षीय योजनाओं के द्वारा, इस देश के विकास की आधारशिला रखी। इसमें कोई दो राय नहीं कि इन पंचवर्षीय योजनाओं के दौरान हमारे देश पर कई तरह के ऐसे संकट आए जिससे, जिस दिशा में हमें जाना चाहिए था, हमारी जो आय के स्रोत थे उनको जिस तरफ हमें लगाना चाहिए था उससे दूसरी तरफ मजबूरन हमें आय के स्रोत लगाने पड़े चाहे वह 1962 में चीन के साथ युद्ध हो चाहे सन् 1965 में पाकिस्तान के साथ युद्ध हो, चाहे फिर बांगलादेश के लिए जो लड़ाई लड़ी गई 1971 में, वह हो; उसके कारण हमारी पंचवर्षीय योजनाओं पर जो धन खर्च होना था जिससे हमारे देश का विकास हो सकता था, उसमें कमी आई। इसके बावजूद यह सही है कि हमारी पंचवर्षीय योजनाओं के सही परिणाम आए हैं जिनके फलस्वरूप हमारे देश में एक तरह से औद्योगिक क्षेत्र में हम आगे बढ़े हैं, टेक्निकल क्षेत्र में हम आगे बढ़े हैं; और आज हम बड़े फख्र के साथ कह सकते हैं कि आज जितनी हमारी आणविक शक्ति है उसमें हम विश्व के छः देशों में से एक हैं, अंतरिक्ष में हमारे यहां आर्यभट्ट है। हम गौरवपूर्ण तरीके से कह सकते हैं कि इन दोनों क्षेत्रों में हमने प्रगति की है। लेकिन इसके साथ-साथ एक दूसरे दृष्टिकोण से भी हमें अपनी इन योजनाओं को देखना होगा।

[श्री नत्थी सिंह]

अभी जो हमारा बजट प्रस्तुत किया गया उसमें भी इस बात को मद्देनजर रखा गया है कि इन योजनाओं के द्वारा जो हमारा लक्ष्य है गरीबी हटाओ उसके कितने नजदीक हम पहुंचे हैं, कितना गरीबी को हटा पाए हैं? पंचवर्षीय योजनाओं का मूल उद्देश्य यह भी था कि हमारे देश में जो बेरोजगारी है, हर आंख का आंसू तभी पोंछा जाएगा जब हर व्यक्ति को रोजगार मिले और 5 न्यूनतम आवश्यकताएं पूरी हों--रोटी की, कपड़े की, मकान की, शिक्षा की, स्वास्थ्य की। ये न्यूनतम आवश्यकताएं उनकी पूरी हों। तो जब हम अपनी योजनाएं चलाएं तो निश्चित रूप से हमें इस बात पर ध्यान देना होगा कि हम इन क्षेत्रों में कहां तक आगे बढे हैं। इस स्थिति में एक बात तो बिल्कुल हमारे सामने है। आज भी यह एक सर्वमान्य सत्य है कि हिन्दुस्तान के 20 करोड़ आदमी गरीबी की न्यूनतम सीमा रेखा से नीचे रहते हैं और आज 75 परिवार इस देश में ऐसे हैं जिनके लिए हम कहते हैं वे हिन्दुस्तान की 40 प्रतिशत दौलत के मालिक हैं। यह स्थिति जब रहती है तो निश्चित रूप से हमने अपनी योजनाओं में ऐसा आमूल-चूल परिवर्तन लाना होगा जिससे वह स्थिति बदले, खास कर जब हम देखते हैं हमारी पंचवर्षीय योजनाओं में जहां तक रोजगार की स्थिति है वह रोजगार की स्थिति क्या रही है। उपसभापति महोदय, इस संबंध में मैं आपका ध्यान भारत सरकार द्वारा जो एक कमेटी बैठाई गई थी उसकी रिपोर्ट की तरफ दिलाऊंगा—रिपोर्ट आफ दी कमेटी आफ एक्सपर्टस आन् अनइम्प्लायमेंट एस्टीमेट्स। इस रिपोर्ट के अनुसार, जब हमारी पहली पंचवर्षीय योजना शुरू हुई, उसके बारे में उन्होंने कहा है कि हमारे पास कोई आंकड़े नहीं थे लेकिन ऐसा लगता है कि 30 प्रतिशत आबादी बेरोजगार थी। जब दूसरी पंचवर्षीय योजना शुरू हुई उस वक्त, उन्होंने कहा है 53 लाख व्यक्ति बेरोजगार थे। उसके बाद जब तीसरी पंचवर्षीय योजना शुरू हुई तो उनका कहना है उस वक्त 90 लाख व्यक्ति बेरोजगार थे। जब चौथी पंचवर्षीय योजना शुरू हुई तो कहते हैं कि बेरोजगारों की संख्या 90 लाख और 1 करोड़ के बीच हो गई। इन योजनाओं में जो रोजगार में नहीं है या जिनके पास एक तरह से जीविका के साधन नही हैं, उसकी भी स्थिति यह है कि चतुर्थ पंचवर्षीय योजना के अंत में हमारा बैकलाग था 1 करोड़ के करीब। उसको भी हम देखें तो आज जो हमारे इम्प्लायमेंट एक्सचेजेज में बेरोजगारों की सूची दर्ज है, उसमें ग्रामीण बेरोजगार, जो कि हमारी आबादी का 80 प्रतिशत है, उनका कोई लेखा-जोखा नही रहता। उनकी जो स्थिति है वह एक सवाल के जवाब मे बताया गया है, 31 जनवरी 1975 को। इम्प्लायमेंट एक्सचेजो में रोजगार पाने के लिए जिन लोगों ने नाम अंकित कराए थे उनकी तादाद 84 लाख 98 हजार थी।

हमारे यहां जो इकोनौमिक सर्वे आफ इंडिया प्रकाशित होता है उसमे पेज 13 में दिया गया है कि 31 सितम्बर 1975 को इन बेरोजगारों की तादाद जो इम्प्लायमेंट एक्सचेजो में दर्ज थी वह 92 लाख 54 हजार थी इसके बाद पहली जनवरी 1976 को एक सवाल के जवाब में जो 29 अप्रैल को लोक सभा में दिया गया था, उसके अनुसार जो तादाद 31 सितम्बर 1975 को थी वह 92 लाख 54 हजार थी और यह तादाद पहली जनवरी 1976 को 93 लाख 97 हजार हो गई। इस बीच जो रोजगार दिया गया या कुल रोजगार जो एम्प्लायमेंट एक्सचेजों के जरिये प्राप्त हुए उनकी तादाद पूरे वर्ष में 2 लाख 25,115 है। इस तरह से हम देखते हैं कि केवल एम्प्लायमेंट एक्सचेंजों में जो नाम दर्ज हैं, उनकी तादाद करीब 96 लाख बेरोजगारों की है। स्थिति यह है कि जो चौथा प्लान है उसमे करीब एक करोड़ बेरोजगार आज एम्प्लायमेंट एक्सचेजों में दर्ज थे और इस तरह से बेरोजगारों की संख्या करीब 1 करोड़ के लगभग है। एक करोड़ बेरोजगारो में से करीब दो लाख या ढाई लाख तक के लोगो को रोजगार दे पाये हैं। इस तरह से हमारी योजनाएं किस तरह से तरक्की कर पायेंगी और किस तरह से हम समस्या का समाधान कर सकेंगे, इस बात पर हमें निश्चित रूप से सोचना होगा।

एक दूसरा सर्वे जो किया गया है और उस सर्वे के अनुसार यह बतलाया गया है कि हमारे देश में प्रतिवर्ष काम करने योग्य कितने व्यक्ति होते हैं ? अगर हम 18 से 21 वर्ष की आयु के लोगों को लें, तो प्रतिवर्ष हिन्दस्तान में 50 लाख और 60 लाख के बीच ऐसे लोग पैदा होते हैं जिनको रोजगार चाहिये । इसका मतलब यह होता है कि प्रतिवर्ष 50 या 60 लाख लोग ऐसे व्यक्ति होते है जिन्हें हमें रोजगार देना चाहिये । अगर हम काम करने योग्य उम्र को 14 साल मानकर चलते हैं, तो जो 50-60 लाख की तादाद है बेरोजगारों की वह और भी अधिक बढ़ जायेगी और इस तरह से बेरोजगारों की तादाद पहली संख्या से भी ज्यादा पहुंच जाती है ।

उप-सभापति जी, मै आपका ध्यान इस सबध में इस ओर दिलाना चाहता हू कि जब कभी आप गांव में जायें, चाहे मंत्री महोदय जायं, प्लानिंग मत्री पद यात्रा में जाये--जैसा कि हम हम सब लोग पद यात्रा कर रहे हैं--तो अक्सर गाव वाले दो सवाल किया करते है। एक सवाल तो वे अनाजों के भावो के सबध मे करते है और दूसरा सवाल नौकरी के सबध में करते हैं । एक आदमी जो सन् 1952 से वोट देते चला आ रहा है, वह 25 साल के बाद पूछता है कि हमारे लिए रोजगार की क्या व्यवस्था की गई है । इसके लिए कोई जवाब संभव नही हैं और न ही कोई दूसरा जवाब दिया जा सकता है । इस तरह की दयनीय स्थिति हमारी हो गई है । इस स्थिति को बदलने के लिए हमें क्या करना चाहिये क्योंकि प्रतिवर्ष 50-60 लाख लोग नौकरी के योग्य हो जाते है । उसी सर्वे मे हमें यह भी बतलाया गया है कि 15 लाख व्यक्ति ऐसे है जो संगठित क्षेत्र में रोजगार पाने के काबिल हैं और उन्हें रोजगार संगठित क्षेत्र में दिया जाना चाहिये । 35 लाख आदमी हर साल ऐसे तैयार हो जाते हैं, जो ग्रामीण क्षेत्र में रहते हैं जिन्हें ग्रामीण क्षेत्र मे रोजगार देने की आवश्यकता है।

उप-सभापति जी, मैं यह कहने में कतई गुरेज नहीं करता हूं कि हिन्दुस्तान का जो ग्रामीण क्षेत्र है, वह पूरे का पूरा बेरोजगार क्षेत्र है। हमारी यह मान्यता रही है कि 6 एकड़ से नीचे जिस के पास जमीन है उसे अन-इकोनौमिक होल्डिंग मानी जाती है । इतनी जमीन जो लोग अपने पास रखते हैं वे बड़ी मुश्किल से अपनी गुजर बसर कर पाते हैं। दो तीन प्रतिशत ही ऐसे लोग हैं जिनके पास इससे कुछ ज्यादा जोत हो सकती है। इस तरह से जो ग्रामीण क्षेत्र है, जिसकी संख्या करीब 96-97 प्रतिशत है, वह साल में बेरोजगार या अर्द्ध बेरोजगार की स्थिति में रहता है । अब जो 15 लाख को संगठित क्षेत्र में रोजगार देने की बात है, उनकी स्थिति क्या है ? उनके सबंध में जो रिपोर्ट है उसमें बतलाया गया है कि पब्लिक सेक्टर या आर्गनाइज्ड सेक्टर मे नौकरियों की जितनी क्षमता है, वह करीब साढ़े तीन लाख लोगों को रोजगार देने की है । इसके नीचे जो लोग बाकी बच जाते है, उनको कितना रोजगार दिया गया है, वह इस रिपोर्ट मे बतलाया गया है । 1973 मे जो संगठित क्षेत्र था चाहे वह पब्लिक सेक्टर की नौकरी हों या सरकारी नौकरी हों, लेकिन प्राइवेट क्षेत्र में रोजगार नहीं मिल रहा था, उनके लाभों की क्या स्थिति थी, इसके सबंध में मै आपका ध्यान रिजर्व बैंक की जो रिपोर्ट है, उसकी ओर ले जाना चाहता हूं । इसमें कहा गया है कि सन् 1973-74 में जो इनका आधारभूत लाभ था उसमे 101 परसेंट की वृद्धि हुई है और जो आपरेशनल प्राफिट है वह तिगुना हो गया है । जब कि निजी उद्योगों में इस तरह का प्राफिट हो रहा है, इस तरह का लाभ हो रहा है, परन्तु हमारी जो रोजगार देने की क्षमता है वह कुछ भी नही बढ़ी है। तो इस स्थिति में निश्चित रूप से विचार करना होगा कि आज जब हम यह कहते है कि 15 लाख मे से केवल साढ़े तीन लाख लोगों को ज्यादा से ज्यादा रोजगार दे पायेंगे तो इस पचवर्षीय योजना में जो लक्ष्य रखे गये है उनकी पूर्ति कैसे होगी ? बेरोजगारों की समस्या फिर किस प्रकार हल होगी, इस पर हमें निश्चित रूप से विचार करना होगा ।

जब हम इस स्थिति पर विचार करें तो हमें इस बात के बारे में निश्चित रूप से विचार करना

[श्री नत्थी सिंह]

होगा और यह ध्यान देना होगा कि हम सरकार के ऊपर जोर डालें कि इसका निदान इस तरह का हो जिससे रोजगार देना उसका एक ऐसा कर्त्तव्य बने, जिससे वह बच के न निकल सके । जब यह आधार हमारा होगा तभी सरकार अपनी योजनाओं के आमूलचूल परिवर्तन की दिशा में बात सोचेगी। तो मैं इसलिये यह कहना चाहता हूं कि आज जो स्थिति है इसके संबंध म हमें विचार करना ही होगा । हमने देखा कि निजी क्षेत्रों को राहतें दी गई हैं । निजी क्षेत्र की स्थिति यह है कि वह रोजगार दे नहीं सकता । अब हम उत्पादन क्षमता बढ़ाने की बात करते हैं । उसके संबंध में जो सर्वेक्षण हुआ, एकानामिक सर्वे हुआ एकनामिक सर्वे आफ इंडिया द्वारा, उसके अनुसार जितनी उत्पादन क्षमता बढ़ती है, प्रोडक्शन बढ़ता है, रिफार्म होते हैं, इम्प्रूवमेंट्स होते हैं, उसका परिणाम यह होता है कि जो लोग काम में लगे हुए हैं, फैक्टरीज मे लगे हुए हैं उनके लिये तमाम सुविधायें हो जाती हैं, उनके लिये आराम हो जाता है लेकिन उसका दूसरा परिणाम यह होता है कि नये रोजगार के दरवाजे बन्द हो जाते हैं । यह जो आर्थिक समीक्षा है इस पर हमें सही दिशा मे सोचना पड़ेगा और हमें अब यह मानना पड़ेगा कि अब हम इस स्थिति में आ गये है कि जो मूलभूत अधिकार हमें संविधान द्वारा दिये गये हैं, उन पर हम दूसरी तरह से नजर डाले । आज तक हमने सम्पत्ति के अधिकार को मूलभूत अधिकारों मे माना है । मेरा कहना यह है कि यह भी एक कारण है, बड़ा कारण है, जिस से हमारी दिशा, हमारे दृष्टिकोण को बदलने मे सहायता मिली है ।

यह जो आजादी हमारी आई है, हमारे देश में आई है, उपसभापति महोदय, यह सही है कि इस आजादी के लिये बहुत भारी बलिदान किये गये, लोगों ने बहुत कुर्बानियां दीं, बहुत संघर्ष किये और उसके बाद हमें आजादी मिली है । लेकिन इसके साथ साथ यह बात भी सही है कि आजादी समझौते की आजादी भी थी और जब हमको समझौते से आजादी मिली तो हमें कई बातों पर समझौता करना पड़ा । जो प्रापर्टी का राइट हमको मिला, जो प्रापर्टी का अधिकार हमें मिला है, वह उन समझौतो में से एक है । हमने जो समझौते उस वक्त किये थे उन पर पुनर्विचार किया । चाहे वह राजाओं के प्रिवी पर्स का समझौता हो, चाहे वह बैंकों के राष्ट्रीयकरण की बात हो, चाहे आई०सी०एस० आफिसरों को दी जाने वाली सुविधायें हो, इन सवालों पर हमने पुनर्विचार किया है और पुनर्विचार के बाद हमने उन सुविधाओं को वापस लिया है । इसी तरह से संपत्ति का अधिकार है, जिसको अक्षुण्ण रखने के लिये सरकार ने इजाजत दी है परन्तु जब सरकार उसके बारे में कानून बनाती है तो उसमें इस तरह की स्वतंत्रता नही होती और कहा जाता है कि हमारे मूलभूत अधिकारो का हनन किया जा रहा है । जितनी बार हमने संविधान में संशोधन किये हैं, लेड रिफार्म की बात कही है, जमीन की सुधारों की बात कही है, इन सुधारो को लेकर ही लोग बराबर सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट में गये हैं ।

सम्पत्ति के मौलिक अधिकारो के संबंध में कुछ लोग कहते है कि डेढ़ सौ रुपया पाने वाला गरीब आदमी जो पोस्ट आफिस मे जमा कराता है , वह भी उसका सम्पत्ति का अधिकार है और उसके इस अधिकार को आप क्यो छीनना चाहते है । मै आपसे कहना चाहता हूं कि इस अधिकार का फायदा किसने उठाया है । क्या उस आदमी ने जिसके पास डेढ़ सौ रुपये की आमदनी है या जिस की डेढ़ सौ रुपये की सेविंग है उसको कुछ फायदा मिला है या उन लोगों को फायदा मिला है कि जो पूरे देश में 75 परिवार हैं और जिन का देश की 40 प्रतिशत दौलत पर कब्जा है। अगर उस का फायदा उन लोगो को मिला है जिन्होंने देश की चालीस प्रतिशत दौलत पर कब्जा कर रखा है तो हमे निश्चित रूप से इस पर पुनर्विचार करना होगा और हम को संपत्ति के अधिकार को मूलभूत अधिकारो में से निकालना होगा और रोजगार को मूलभूत अधिकारो में शामिल करना होगा ताकि सरकार की जिम्मेदारी हो कि वह इस तरह की योजनाये बनाये जिस में सब को रोजगार मिल सके और नही तो उस को लोगों

को बेरोजगारी का भत्ता देना पड़े । तभी हमारा दृष्टिकोण इस दिशा में सही बन सकता है ।

मैं एक बात और कहना चाहता हूं । आप देखें कि आज स्थिति क्या है । आज स्थिति यह है कि आज एक आदमी खेती भी करता है, वह आदमी वकालत भी करता है और वह आदमी बिजनेस भी करता है । वही आदमी पार्लियामेंट का मेम्बर भी हो सकता है और उस के साथ और दस धंधे कर सकता है । उस के लिये कोई पाबन्दी नही । और दूसरी तरफ बीस करोड़ आदमी ऐसे हैं कि जो गरीबी की न्यूनतम सीमा रेखा के नीचे रहते हैं । जिन को कोई रोजगार मयस्सर नहीं है । तो इन दो स्थितियों में हम को तुलना करनी पड़ेगी कि क्या संपत्ति के अधिकार को सुरक्षित रखते हुए हम इन निरीह लोगों को छोड़ दें कि जो इस देश के असली नागरिक हैं । अगर हम उन को छोड़ना नहीं चाहते तो हम को निश्चित रूप से एक बात करनी पड़ेगी और अपने देश में इस प्रकार के कानून बनाने पड़ेंगे, इस तरह की व्यवस्था करनी पड़ेगी कि जिस मे एक आदमी को एक ही रोजगार हो, उस से अधिक नहीं और उस में उन को पेट भरने लायक दाम मिलना चाहिए । आज तो हमें न्यूनतम आवश्यकतायें चाहिए । जो मूलभूत आवश्यकतायें हैं उन को पूरा करना है । लक्जरीज नहीं चाहिए, आराम नहीं चाहिए । उन को तो आज कपड़ा मिल जाय, रोटी मिल जाय, मकान, स्वास्थ्य और शिक्षा की सुविधा मिल जाय । यदि हम उन की न्यूनतम आवश्यकताओं की पूर्ति कर सकें तभी हम देश को सही रास्ते पर ले जा सकेंगे । आज की जो अर्थ-व्यवस्था है उस में पूंजीवादी अर्थ-व्यवस्था का अपर हैंड है । जिस आदमी के पास पैसा है, जिस के पास साधन है उस की छूट है कि वह चाहे जितना पैसा कमाये । लेकिन जिसके पास पैसा नही है, जिस के पास श्रम शक्ति है, जिस के पास केवल उस के हाथ पैर हैं उस को अपने पैरों पर खड़ा होने के लिये सुविधायें नही मिलती । इसका कारण हमारी कुछ सामाजिक विषमतायें भी है । आप चाहे शिक्षा का क्षेत्र लें या रोजगार का क्षेत्र लें, हर कहीं एक संपन्न वर्ग बन गया है जिन के बच्चे अच्छी शिक्षा पाते हैं । पब्लिक स्कूलों में पढ़ते हैं और आई० ए० एस० के इंतहान में बैठते हैं, छोटे आदमी के बच्चों की वहां तक पहुंच नहीं होती । इसलिये संपत्ति के अधिकार को निश्चित रूप से मूलभूत अधिकारों में से निकालना पड़ेगा । लेकिन मैं एक बात साफ कर देना चाहता हूं । जब मैं यह बात कहता हूं तो यह भ्रम पैदा हो सकता है कि क्या हम पूरी तरह से संपत्ति की समाप्ति की ओर जा रहे हैं या कम्युनिज्म की बात कर रहे हैं जहां सारी संपत्ति राष्ट्र की ही होती है । मेरा कोई ऐसा मंशा नही है । सभी तरह की संपत्ति रहे, लेकिन हमें व्यक्तिगत संपत्ति पर सीमा लगानी पड़ेगी । भूमि संपत्ति पर ही नहीं, शहरों की जमीन पर ही नही, सारी संपत्ति पर, चाहे वह कारखानों से पैदा हो या अन्य रोजगारों से, हमें सारी संपत्ति पर सीमा लगानी पड़ेगी कि इतने से अधिक एक आदमी संचय नही कर सकता और जब हम यह सीमा लगायेंगे तो मूलभूत अधिकारों में से सपत्ति को हटा कर उसे डाइरेक्टिव प्रिसिपल्स में रख दीजिए जो जस्टिसेबिल न हो और रोजगार के राइट को फंडामेंटल राइट्स में ले आइये ।

मैं एक बात और कहना चाहता हूं । एक छोटा तबका है जो संगठित क्षेत्र में रोजगार पाता है जिस को एजूकेटेड कहते हैं । यह थोड़ा एजूकेटेड यह तबका होता है । लेकिन बहुत बडा तबका ग्रामीण क्षेत्र का है, जहा 80 प्रतिशत हमारी आबादी है और जिस के प्रति हमारे वित्त मंत्री जी ने भी इस सदन में और दूसरे सदन में भी माना कि आज जो हमारे आर्थिक स्रोत हैं राष्ट्र की आमदनी के उस में से 55 प्रतिशत देश के बीस प्रतिशत लोगों पर खर्च होता है जो कि शहर में रहते हैं और 45 प्रतिशत उन लोगों के ऊपर खर्च होता है जो गांवों में रहते है और जिन की आबादी 80 प्रतिशत है । तो यह कब तक चलेगा । आज गाव का आदमी मैट्रिक पास कर के शहर की तरफ भागता है । अगर बेरोजगारी मिटानी है तो गांव वालों में यह समझ पैदा करनी होगी कि उन में शहर के प्रति जो ललक है वह उन को छोड़नी चाहिए । वहां हम को बिजली की, पानी की सुविधा देनी होगी ताकि लोग वही रहे । तो यह जो प्लानिंग हम करते हैं उस में हमें यह सोचना पड़ेगा कि हमारे देश की जितनी दौलत है, जो हमारे पास है उस में से कम से कम उस का दो तिहाई भाग केवल खेती पर, सिंचाई पर, बिजली पर और गांवों की सड़कों पर खर्च किया जाय ताकि गाव इस तरह के बनें कि जिस में लोगों में शहरों में जाने की आकांक्षा जो है वह बलवती न रहे । गांवों में बड़े उद्योग धंधे हम खोलें । जो उद्योग धंधे हम ने लगाये हैं वह अपनी जगह पर ठीक हैं, लेकिन

[श्री नत्थी सिंह]

अब हमारा प्रयास होना चाहिए कि हम ग्रामीण उद्योग धंधे मे बढ़ोत्तरी करें क्योकि केवल खेती पर मुनहसिर रह कर आदमी स्वावलम्बी नही हो सकता। आज सब खेती की पैदावार के भावो का सवाल आता है तो सदन में इस पर कई बार चर्चा भी हुई है और मैं ने भी कहा है कि जो लागत आती है उस पर किसान की वह भी उसकी वापस नहीं मिल पाती। इस आर्थिक समीक्षा में भी है कि हमने पिछले दिनों बहुत बड़ा प्रयास किया और इस देश में जो भयकर महंगाई थी, बड़ी भारी मुद्रा-स्फीति थी, काला-बाजारी थी, उस सब पर अकुश लगा है। उसको रोकने में हम सफल हुए हैं, लेकिन सबसे बड़ा योगदान इसमें किसका है। कितने कारखानों मे बनने वाली चीजों के दाम गिरे हैं। खाद्यान्नों की कीमतें गिरी है, उसका ननीजा यह हुआ है कि किसानों को दाम कम मिले, लेकिन किसान को जो चीज चाहिए कारखानों में बनने वाली, उसमें गिरावट नही आई। इसलिए हमको यह सोचना पडेगा कि मुल्क मे एक दाम नीति तय हो। चाहे कारखाने मे बनने वाली चीज हो, चाहे खेत मे पैदा होने वाली चीज हो, उसमें क्या लागत लगती है और उसकी क्या कीमत होनी चाहिए जो कि उपभोक्ता को मिले। यह आवश्यक काम है जिसको करना पड़ेगा नही तो खेती करने वालों को मुश्किल हो रही है। 105 रुपए क्विंटल आपने गेहूं का दाम कर दिया। एफ० सी० आई० वाले लेते हैं नहीं। जब एक तरफ यह हालत हो रही है, दूसरी तरफ 1973 के बाद निजी कम्पनिया एक आदमी को भी रोजगार नही दे पा रही है, उनको 101 प्रतिशत मुनाफा प्राप्त हो रहा है। इसे बदलना पड़ेगा। इसलिए मै आपको कहना चाहूंगा कि यह जो सबसे बड़ा सैक्टर है उसकी ओर ध्यान दें। ये जो हमारे रोजगार वाले हैं, नौकरी वाले है, कलम से जो खेती लगाते हैं, कोई रचनात्मक काम नही करते, मेहनत नही करते, कोई उत्पादक काम नही करते, कलम से कागज पर खेती करते है, यह स्थिति जो है यह चलेगी तो देश को जिस दिशा में हम ले जाना चाहते हैं, देश उस दिशा में नहीं चलेगा। गांवों में डाक्टर भेजो तो मना करता है, वह कोशिश करता है कि गांवों के बजाय शहर मे पोस्टिग हो जाए। मै कहना चाहता हूं कि हमारे देश में इसलिए बहुत जरुरी है कि हम उधर जायें।

आज हम जमीन मे ज्यादा पैदावार बढ़ाने की बात करते है। इस सदन में भी और उस सदन में भी बराबर यह बात कही गई कि अगर हम ग्रामीण लोगों को रोजगार देना चाहते हैं तो भूमि सेना बनायें। जो हमारे चंबल रेवाइंस है, जहा डाकू लोग जनता को लूटते हैं, लोगो को भर्ती करके वहां पेड़ लगाये जाए। लोगो को रोजगार मिलेगा और हमारे देश की जो सम्पत्ति है उसका प्रयोग कर सकेंगे।

आज देश में इस बात की चर्चा है कि सब जगह वृक्षा-रोपण होना चाहिए। आज भी हम जो बरसात पर मुनहसिर है, उससे वंचित न रह जाये। हम क्यो नही इस तरह की वन सेना बनायें ताकि लोगो को रोजगार में भी लगा सके और वन सम्पत्ति की वृद्धि कर सके।

खेती आज पानी के लिए तरसती है। आज भी सिचाई के लिए व्यवस्था नहीं है। हमें अपनी योजनाओं में यह निश्चित रूप से तय करना होगा सारे देश को एक मानते हुए कि सारे देश की जमीन को पानी मिले और पानी के लिए हमें अधिक से अधिक पैसा देना चाहिए और सब कामों पर ब्रेक लगायें लेकिन खेती योग्य जमीन जो पड़ी है उसको खेती के लायक बनाकर उसमें खेती करें। फारेस्ट लगाये, सिचाई का प्रबन्ध करें, बिजली का उत्पादन बढ़ाये तो निश्चित रूप से हमारे गांवो में रोजगार के साधन पैदा हो सकेंगे। उसके बाद ही यह स्थिति पैदा होगी कि हम देश में बेरोजगारी को हटा सके। ऐसा करने से निश्चित रूप से जो विद्यार्थी कालेजों में पढ़ते हैं उनको हम गांवों की ओर आकृष्ट कर सकेंगे। इसके लिए हमें शिक्षा पद्धति में आमूल-चूल परिवर्तन करना पड़ेगा, उनके दिमाग और दिलो को बदलना पड़ेगा। अब श्रम से कतराने वाली बात नही चलेगी। हम अपने पाठ्यक्रम में आवश्यक रूप से वह बात बनायें तब काम चलेगा। आज जो हमारे शिक्षा के मन्दिर बने हुए है उनको हमें बदलना पड़ेगा और हमें सोचना होगा कि संवैधानिक तौर पर हम किस तरह से उन लोगों को इस तरफ ले जाये जिससे हमारे देश की समस्याओं का वह समाधान कर सकें। एक बात और कहना चाहता हूं वह यह कि हमने न्यूनतम मजदूरी कानून बनाया। इसमें हमने व्यवस्था की है कि एक व्यक्ति को कम से कम 5 रुपए मजदूरी मिले लेकिन वह भी उनको नही मिलती है। दूसरी तरफ जो सार्वजनिक क्षेत्रों

में काम करने वाले लोग है जैसे एल० आई० सी० के बड़े-बड़े आफिसर, आई० ए० सी० और दूसरे कारपोरेशन के बड़े-बड़े आफिसर है उनके वेतन देखिए। दोनो मे जमीन आसमान का अन्तर है। मैं जानना चाहता हू इतना अन्तर क्यों? हम अभी तक इस चीज को बर्दाश्त करते आए है योजना को आधार बना कर। यह जो हमने सम्पत्ति का अधिकार मूलभूत अधिकार बना रखा है यह गलत है। हम इसी कारण इस विषमता को सहन करते आए है। अब हमें इस विषमता को दूर करने के लिये अपना दृष्टिकोण बदलना होगा। हमारे संविधान मे जो सम्पत्ति को मूलभूत अधिकार माना गया यह अक्षुण्ण है इसकी जगह हमें श्रम को मानना होगा। हमे रोजगार के अधिकार की तरफ भी ध्यान देना होगा।

एक बात मै यह कहना चाहता हूं कि हम पांचवी पंचवर्षीय योजना के दौरान चल रहे हैं। मैंने जैसा पहले कहा कि सबसे ज्यादा लोग जिस रोजगार पर मुनहसिर हैं वह खेती का रोजगार है। खेती के रोजगार में भी ज्यादातर लोग जोतो पर मुनहसिर रहते हैं। इसमें उनको 5 रुपए भी वेतन नही मिलता। मैं कहना चाहता हूं हम जमीन की अधिकतम सीमा कायम करे। मै इसका समर्थक हूं। इसे जरूर किया जाना चाहिए।

श्री भोला पासवान शास्त्री (बिहार): दृष्टिकोण कैसे बदलना पड़ेगा जरा इस पर भी प्रकाश डालें।

श्री नत्थी सिंह: जैसे हम और आप बैठे है। हम लोग यहां बैठ कर ही दृष्टिकोण बदल सकते हैं। ह्विप की परवाह न करके अपनी बात जो सही हो सदन मे रखे। मै समझता हूं तभी दृष्टिकोण बदल सकता है। शास्त्री जी ने जो बात कही उसका उत्तर मैं इस तरह भी देना चाहता हूं कि जब अंग्रेज यहां पर राज कर रहे थे उनके बारे में हम नही सोचते थे कि वे कभी चले जाएंगे लेकिन वे चले गये। 1942 में उन्होंने क्या नही किया, क्या-क्या अत्याचार नहीं किये लेकिन हमने उन सब को सहन किया और उनको यहां से धकेला। दृष्टिकोण बदलने का अधिकार अब तो हमारे ही हाथ में है। हम दो-तिहाई बहुमत से यहां बैठे हुए हैं और लोकसभा में भी हमारा दो-तिहाई बहुमत है। यहां बैठ कर हम मूलभूत अधिकारो में परिवर्तन कर सकते है। केवल जरूरत है दृढ़ आस्था की, दृढ़ निश्चय की। इसको कायम करने में आप जैसे बुजुर्ग लोग जो शोषण के शिकार रह चुके है उनको अपनी आवाज बुलंद करने की हिम्मत पैदा करनी होगी।

दूसरी बात जो मैं कह रहा था, खेती के संबंध में कह रहा था। हम अधिकतम सीमा रेखा तय करें यह बिल्कुल सही बात है—चाहे 10 एकड़ की सीमा हो या 15 एकड़ की। यह हमे अपने आर्थिक आधारों पर करनी चाहिये। इसके साथ-साथ अगर हम चाहते हैं कि बेरोजगारी मिटे, अर्ध बेरोजगारी मिटे तो हमें जमीन की न्यूनतम सीमा रेखा भी तय करनी होगी। उसमें हमें यह करना होगा कि इतने से कम जमीन नही होगी, इतने से कम जमीन पर बटवारा नही होगा या इतने से कम जमीन एलाट नही होगी। आजकल लोगों को अपनी मेहनत भी वापस नही मिलती है। इसमें भी उनको काफी दिक्कते उठानी पड़ती हैं। हम उनको एक बीघा या दो बीघा जमीन दे कर खुश कर देते हैं भले ही उसमें कुछ भी पैदा न हो सकता हो। यह जो हमारी नीति है इसको हमें बदलना होगा। जमीन को भी हमें एक मुनाफे का धंधा बनाना होगा और जो उसकी मेहनत लगे उसकी मेहनत तो वापिस करनी ही होगी। जहां हमने हाइयेस्ट सीलिंग लैंड तय की है वहां हमे लोएस्ट सीलिंग लैंड भी तय करनी होगी। हम तभी बचा सकते है जब हम गावो मे रहने वाले लोगों को दूसरे रोजगारो की सुविधाएं भी दें। अगर हम ऐसा नही करेंगे तो भूखा और भूखा हो जाएगा।

दूसरी बात जो मै कहना चाहता हूं वह यह कि लैंड रिफार्म में कुछ कमियां रही हैं। शहरो मे जो सम्पत्ति है उस पर प्रतिबन्ध लगाने की बात तो हम बहुत करते है लेकिन लगा नही पाते। यह इसलिये नही लगा पाते क्योंकि कोई न कोई कारण पैदा हो जाता है। सम्पत्ति पर प्रतिबन्ध हम कई कारणों से नहीं लगा पाते। इसके लिये मूल रूपरेखा मैने तैयार की है जो मेरे प्रस्ताव में है।

आज आवश्यकता इस बात की है कि सम्पत्ति के अधिकार को मूलभूत अधिकारो की सूची से हटाया जाय और उसमें रोजगार के अधिकार को जोड़ा जाये। हमारे देश में आज भी आप देखेंगे कि कुछ लोग बड़े-बड़े आलीशान एयर कन्डीशन्ड मकानों में रहते है। जब कुछ लोग शहरों के अन्दर बड़े-बड़े मकानों मे रहेंगे तो

[श्री नत्थी सिंह]

फिर अन्य लोगों को स्थान कहां मिलेगा। इसलिए मेरा कहना यह है कि जिस तरह से परती जमीन को काम में लाने के लिए आज भू-सेना बनाने की आवश्यकता है और जंगलों के संरक्षण और उनके उपयोग के लिए वन-सेना बनाने की आवश्यकता है उसी तरह से शहरों के अन्दर भवन-सेना बनाने की आवश्यकता है। शहरों के अन्दर बड़े-बड़े लोग जिस तरह से आलीशान भवनों में रहते हैं उनके लिए भी एक स्टेन्डर्ड फिक्स किया जाना चाहिए कि उन्हें तीन कमरों के फ्लेट में रहना होगा और बाकी स्थान सरकार को देना होगा। मैं यह स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि इस देश के अन्दर जब तक हम पक्के इरादे के साथ कोई काम नहीं करेंगे तब तक निश्चित रूप से विषमता दूर नहीं हो सकती है। इसलिए मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि हमारी जो योजनाएं हैं उन पर एक बार फिर गम्भीरतापूर्वक नजर डालने की जरूरत है और दृष्टिकोण को बदलने की जरूरत है। हमारा दृष्टिकोण सम्पत्ति परक न होकर श्रम परक होना चाहिए। इसलिए आवश्यकता इस बात की है कि संविधान से सम्पत्ति के अधिकार को हटाया जाये और रोजगार के अधिकार को उसमें स्थान दिया जाये। इन शब्दों के साथ मैं अपने प्रस्ताव को विचारार्थ प्रस्तुत करता हूं।

The question was proposed.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The House stands adjourned till 2.45 P.M.

The House then adjourned for lunch at twelve minutes past one of the clock.

The House reassembled after lunch at forty-six minutes past two of the clock, **The Vice-Chairman (Shri Lokanath Misra)** in the Chair.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI LOKANATH MISRA): Shri Bhupesh Gupta.

SHRI BHUPESH GUPTA (West Bengal): Mr. Vice-Chairman, Sir, I am very glad that the hon. Member, Shri Nathi Singh, has taken the trouble of moving a Resolution of this kind. We are entirely in agreement with the intentions as well as the contents of the Resolution. Unfortunately, however, the party to which he belongs is not taking the necessary steps to see that such a Resolution is implemented, although there are declarations which should justify the implementation of a Resolution of this kind. Sir, we are in the tenth month of the emergency and it was expected that the emergency would be utilised in order to weaken the socio-economic base of the rightist and the reactionary forces. In fact, Prime Minister Indira Gandhi herself assured the House and also the nation that following the Twenty-Point Programme, more programmes would come. Today it is time to review what has happened to the Twenty-Point Programme and how exactly it is being implemented by those who are supposed to take greater initiative than the others for the implementation of the Twenty-Point Programme. Now, Sir, we have some experience having gone round the villages in different parts of the country. Perhaps you are aware that the guided Samachar, that is to say, the present news agency guided by some visible and invisible people, cannot give publicity to what is being done by people belonging to Opposition or even to the Congress Party unless this has the approval of some people somewhere. We find that the land reforms are not being implemented and that in many places the declarations that are made about the implementation are not true and correct and are not borne out by actual facts. For example, in West Bengal we find that the minimum wage for the agricultural labour which is fixed at a high rate of Rs. 8/- per day, has not at all been implemented anywhere in the State. Most of them are given even less than Rs. 4/- and women are paid still less. Now, I should like to know from the Government when laws are passed laying down the minimum wages, whose responsibility it is to ensure the implementation of such laws. Surely, it is the responsibility of the Government to see that the agricultural wage which has been fixed by it is implemented.

This is not being done and this can be said about other States also. Our information is that in most of the States the minimum wage for agricultural labour, whatever is fixed under the law, is being flouted by the landlords and other elements with the Government simply looking on and, in some cases, directly helping. Well, I know of a case in Malda, for example, where an agricultural worker was threatened with punishment and imprisonment because he demanded and stood for the minimum wage for the agricultural labourers. I can cite some examples. House sites are supposed to have been given. Well, in some places, undoubtedly they have been given. But we cannot go by the declaration any more. Having gone to the villages, our comrades and friends are finding that house sites had not been allotted at all. I have with me a list of people who are supposed to have been given *pattas* but who have not, in fact, got any *pattas*. In many places, *pattas* of lands are being given to people who do not live in the villages.

Sir, it is said that in West Bengal, the JLROs are making a lot of money. Sir, the policemen seem to be complaining that in the past they stood first in the category of people who used to take bribe, and now their place has come down to the fourth. First, the JLRO, then the BDO, then the irrigation people, and then, we are told, comes the traditional bribe-taker, the Police. It is not I who am saying it. It is they who are saying it. In many places drinking water is not there, irrigation water is not there, and other arrangements are not there. Now, Sir, the money-lenders, for example. Loans from these usurious money lenders are to be stopped. Anyway, to some extent there is a change. But unless you make alternative arrangements for loans to the agriculturists and poor peasants, they would be forced to rely on and go to money-lenders. I found out from my own experience that in Malda, West Dinajpur, Howrah and the 24 Parganas, the peasants would not even divulge it publicly lest the money-lender should come to know and victimise them when it comes to getting loans from the money-lender because there are no alternative arrangements for taking loans. Now, such things are happening.

Sir, all our Party comrades, most of our Party leaders, MPs and MLAs, under the instruction of the Party, have been sent out to the villages. We have all gone to Madhya Pradesh, Andhra Pradesh, Tamil Nadu, Gujarat, Maharashtra, West Bengal, Assam and all over the country and we are still going. We are gathering information. And I say with a sense of responsibility, and we have brought it to the notice of the authorities here as well as at the State level that things are not what they are made to look from the newspaper advertisements and statements of Ministers. I don't think there is any item in the 20-point Programme which said that the Ministers must make false statements. If that is so, that has been magnificently implemented. But I do not know whether there is any written or unwritten item in the 20-point Programme that the officials should tell untruth, make false claims and create an impression in the country as if the 20-point Programme is going on like a jet plane. It is not so, Sir. Why? Number one: The vested interests are coming in the way of the implementation of the 20-point Programme. Some of them seem to have taken a liking for the 4-point programme. I think, the 20-point Programme should be implemented. After that, I have no objection to the 4-point programme being implemented. But the 4-point programme should not be taken as a cover for diverting attention from the 20-point Programme. I should like to know which programme we have to implement today, the 4-point programme or 20-point Programme or 24 points? Kindly tell us very frankly. Now, nothing is being said. Sir, I am saying this thing because we have stood together—they and we—in the fight against the reactionary elements and for the implementation of the 20-point Programme. Let it be clear. What has happened to the urban property ceiling, or whatever it is, about that vacant land? We hear and read about the statements in the newspapers.

[Shri Bhupesh Gupta]

Government takes so much time even to formulate the policy but they do not take time to demolish houses in Delhi and do whatever they like to force people to come to their scheme of sterilisation and so on. When it comes to the question of the implementation of the urban property ceiling or whatever it is, there is a discussion, there is a debate, there is prevarication and when it comes to sterilisation—forcible in some cases—well, Sir, things move very quickly. These things have been brought to notice. It is no use hiding what happened in the Turkman Gate. The history will be told and retold, if not today, tomorrow or the day after. All along, we shall not be living under the clouds and darkness of emergency. We know it very well.

Sir, we are all for family planning. Well, we need not be lectured about to persuade, educate and enlighten and see that it is done. We want it; it is absolutely necessary in a country like ours. The Government have taken a stand. I entirely endorse Shrimati Indira Gandhi's stand that family planning should not be carried on by methods of coercion. But, do our Officials listen to her? Or, does she take adequate steps to see that what she says is being heeded, or is there any communication gap between what is being done at the grass-root level and where she sits in authority and power? I should like to know it. If the communication gap is there, well, stop it, make the situation better because I cannot believe that a person like Shrimati Indira Gandhi, for whose commonsense I have great respect, would be in favour of forced sterilisation. I do not believe it, because I know her for many many years. But, still, such things happen and incidents take place, like firings, shootings, lathi-charges and all these kinds of things. These are not a part of the 20-point programme. If that is so, declare it that it is a part of the 20-point programme. The 20-point programme is an excellent programme to be implemented in a spirit of democracy, love for the people, patriotism of the highest order, always by enlightening, educating, inspiring the masses to join in the activity of nation building. You do not require bulldozers to implement this 20-point programme.

Sir, you may think that our voices will be silent. They will not be silent. I would ask the Lt. Governor of Delhi to respect the spirit of the 20-point programme and the situation that brought it about. Do not take undue advantage of the situation because *Samachar* is under the control, because press is under the control, because what we say here, many of the things we cannot do. Sir, that is not serving democracy, let alone taking the country forward.

Now, coming to another aspect of the 20-point programme which concerns this Resolution also, what has happened to the monopoly capital? They never had it so good. Everyday I get up, I come across a statement by the Birlas that they are also happy today. We are told Mr. G. D. Birla is in the United States of America meeting the leaders of Zionism in order to mollify the feelings of the Zionist community in the United States of America because money comes from there, as given out in the Congressional Committees and so on. Find it out. The day before yesterday, Mr. G. D. Birla made a statement, how happy he was, how fine the country was going. And yet, in the newspapers, we see income-tax cases, wealth-tax fraud cases and other things have been opened against him. I should like to know, how many cases of income-tax evasion one would require to become such a prominent, adored and admired industrialist of the country as Mr. G. D. Birla or Mr. K. K. Birla?

3 P.M. These are very straight questions that I put before you. Monopoly capital cannot be strengthened in this country. Monopoly capital is responsible for the advent of the right reactionary forces and the fascist forces, whether in our country or in other countries. Historical experience of our contemporary times is that monopoly capital feeds fascism. Yet it is the monopoly capital which is having a field day in our country, carrying on

depredations against the working people, denying them their rights and carrying on closures, lay-offs and all that as if there is no law for them. Never have we experienced such a situation. I have not experienced such a situation, ever since I came to Parliament some 25 years ago, when monopoly capital was so happy. Even in those days when we had the Second Five-Year Plan and gave prominence to the public sector, G. D. Birla and other people did not speak in the accents of happiness and joy in which they are speaking today. This should make us sit up. That is why I say that monopoly capital should not be strengthened. Is it going to increase industrial production? If our industrial production has gone up—we are very happy about it—it is because of our public sector and the Prime Minister is right in paying tributes to the working people of our country. Why should the Birlas, the Tatas, the Singhanias, the Bajorias and others take advantage of it in these matters? Monopoly capital should not be a shield for covering up the rotton elements in our society whose hands are full with economic and social crimes, who have to answer generations after generations for the economic malpractices, corruption, plunder, loot and all the rest of it, which they have committed because of certain policies of the Government. May I ask Mr. T. A. Pai and Mr. Subramaniam to kindly imbibe the spirit of the twenty-point programme, find their way not to surrender so shamelessly to monopoly capital? Sir, monopoly capital is a threat to democracy and independence and is a stalking horse for imperialism and neo-colonialism. There is another scandal.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI LOKANATH MISRA) : Mr. Bhupesh Gupta, you are the senior-most Member. I need not have to remind you. Please conclude.

SHRI BHUPESH GUPTA : You need not take the trouble of reminding me the obvious. I am very glad that you have reminded me of my old age. But please do not do so in the case of women also.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI LOKANATH MISRA) : I am reminding you of four seniority and not your old age. You are stil young.

SHRI BHUPESH GUPTA : I am very glad. But seniority is now at a discount. Take the case of benami land transfers. They say that all such transfers would be legalised. which part of the twenty-point programme says that such land transfers should be legalised? Now, all these land transfers, land transfers to the wife, to somebody else's wife—if you know how to carry on affairs—and so on, would be legalised. Land transfers to the relatives, to the friends, to the cows, to the buffaloes, to the elephants and so on would be legalised because you can always find some people appearing in that name. Everybody knows. In Andhra Pradesh and other places, cows do have names and lands are transferred to the cows. Now, all these land transfers would be legalised. Does it mean implementation of the land reforms? Sir, previously there was a voluntary disclosure scheme whereby we allowed the black money to become white and gave them tax exemptions. They declared about Rs. 2,000 crores' worth of black money and we got Rs. 200 crores in taxes from them. Their money became white, as white as the khadar worn by our Congress friends. But now, benami land will also be made white and legal. You can imagine what sort of a thing it is going to be. Where is it in the programme? Was there any conference called by the Prime Minister or the Congress Party or those who discussed the matter? Was there any national consensus taken? Nothing of the kind! Some people somewhere had contrived that benami land should now be made legal and so it will be made legal. A Bill will be brought in the other House. So what is the use of our talking about these things?

Finally, I would like to say one thing. I do not have the heart to talk because, I tell you, parliamentary institutions are not being respected by some people. I am not saying "You". Many of you respect them,

[Shri Bhupesh Gupta]

